धनवंतरी नगर में मासूमों की जान पर बनीआफत, हादसे का सीसीटीवी आया सामने

अर्टिगा से टक्कर के बाद पलटी वैन







हरिभूमि, जबलपुर।

धनवंतरी नगर क्षेत्र में स्कूल वैन और अर्टिगा की टक्कर में मासूम बच्चों के घायल होने के बाद अब हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज ने दुर्घटना की परिस्थितियों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे में घायल बच्चों को तत्काल उपचार के लिए NSCB मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। मेडिकल रिकॉर्ड में अथर्व, ऋषि साहू, आशध्या, अनाध्या, रियाज, वैदेही और नम्रता ठाकुर सहित अन्य बच्चों के नाम दर्ज बताए गए हैं।

राहगीरों ने संभाला मोर्चा

सामने आए सीसीटीवी फुटेज में सड़क पर वाहनों की आवाजाही के बीच स्कूल वैन और अर्टिगा की टक्कर होती दिखाई दे रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

दो बच्चों की हालत को लेकर चिंता

हादसे के बाद शुरुआती जानकारी में दो बच्चों को अपेक्षाकृत गंभीर चोट आने की बात सामने आई थी। हालांकि उपलब्ध मेडिकल सूची से यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चे कौन हैं। ऐसे में उनकी वास्तविक स्थिति की पुष्टि अस्पताल प्रबंधन की आधिकारिक मेडिकल जानकारी से होना जरूरी है।

सीसीटीवी में दिखा सड़क पर खड़ा वाहन

हादसे के सीसीटीवी फुटेज में सड़क पर एक वाहन खड़ा नजर आ रहा है। इसी को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या सड़क पर खड़े वाहन की वजह से यातायात प्रभावित हुआ और सामने से आ रहे वाहनों को पर्याप्त जगह नहीं मिल पाई? हालांकि यह हादसे की वजह थी या नहीं, इसका निष्कर्ष केवल सीसीटीवी के आधार पर निकालना जल्दबाजी होगी। पुलिस जांच, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और घटनास्थल के परीक्षण के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मंत्री राकेश सिंह ने ली बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी

हादसे की जानकारी मिलने के बाद राकेश सिंह ने घायल बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। उनके सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक उन्होंने जबलपुर कलेक्टर और मेडिकल कॉलेज अधीक्षक से फोन पर चर्चा कर घायल बच्चों के समुचित उपचार की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल की प्राचार्य से भी बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति जानी।

जांच के बाद तय होगी जिम्मेदारी

हादसे ने स्कूल परिवहन व्यवस्था के साथ ही सड़क पर पार्किंग और यातायात प्रबंधन को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। फिलहाल प्राथमिकता घायल बच्चों का बेहतर उपचार है। वहीं सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, किसकी लापरवाही थी और भविष्य में स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

संरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर, शून्य दुर्घटना का लक्ष्य



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल में संरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मनन हॉल, जबलपुर में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सहायक मंडल संरक्षा अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल ने अधिकारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए टीम भावना के साथ कार्य करने और शून्य दुर्घटना एवं घटना के लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक में निरीक्षण इकाइयों के लिए विस्तृत चेकलिस्ट तैयार कर अधिकारियों-कर्मचारियों को उपलब्ध कराने, औचक निरीक्षण प्रभावी बनाने तथा विभिन्न विभागों की अनुपालना का सुपर चेक करने पर जोर दिया गया।

बार-बार होने वाली एवं लंबी अवधि की विफलताओं की गहन जांच कर मूल कारणों की पहचान और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री गुरुमुखी ने प्रशिक्षण को संरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर जोर दिया। विशेष रूप से कवच प्रणाली की कार्यप्रणाली, उपयोग एवं संरक्षा प्रावधानों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कॉन्फ्रेंस में आगामी कार्ययोजना और प्रभावी अनुपालना को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का जबलपुर आगमन



जबलपुर। श्री द्वारका-शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का गुरुवार को जबलपुर नगर आगमन हुआ। शंकराचार्य जी तिलवारा घाट स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर एवं शंकराचार्य मठ पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं और अनुयायियों ने उनका स्वागत एवं पूजन किया। शंकराचार्य जी मठ में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद शुक्रवार को वे विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे और रात्रि में प्रस्थान करेंगे। नगर आगमन पर ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद, ब्रह्मचारी श्रीधरानंद, ब्रह्म शाततानंद, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, अधिवक्ता बृजेश दुबे, संजय तामकार, मनोज सेन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य जी का स्वागत कर पादुका पूजन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

दुकान के नामांतरण के लिए मांगे थे पांच हजार रुपये

दो हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

जबलपुर। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर की टीम ने गुरुवार को आधारताल तहसील में पदस्थ पटवारी मनोज बघेल को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। पटवारी पर दुकान के नामांतरण के लिए पांच हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

ईओडब्ल्यू के अनुसार कटंगी निवासी शरद विश्वकर्मा ने शिकायत की थी कि उनकी मां राधा विश्वकर्मा ने ग्रीन सिटी, माढ़ोताल, जबलपुर स्थित एक दुकान खरीदी थी। दुकान के नामांतरण की कार्रवाई के लिए आधारताल तहसील के पटवारी मनोज बघेल द्वारा पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।इसके बाद ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने गुरुवार 1 अक्टूबर 2026 को कार्रवाई की। कृषि उपज मंडी, मनमोहन नगर स्थित गायत्री मंदिर के पास ट्रैप कार्रवाई के दौरान पटवारी मनोज बघेल को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया।आरोपी मनोज बघेल, पिता कुंवरलाल बघेल, उम्र 34 वर्ष, पटवारी हल्का नंबर-2, तहसील कार्यालय आधारताल, जबलपुर में पदस्थ है। ईओडब्ल्यू ने उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम संशोधित 2018 की धारा 7(ए) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

रानी दुर्गावती विवि के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों ने मांगी इच्छामृत्यु

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सेवाकाल के दौरान मृत कर्मचारियों के आश्रितों ने तीन साल से अनुकंपा नियुक्ति और वैधानिक लाभ नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। आश्रितों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल को ज्ञापन सौंपकर आत्मदाह और इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। ज्ञापन में कहा गया है कि 8 अक्टूबर तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो कुलगुरु कक्ष के बाहर आत्मघाती कदम उठाया जाएगा। आश्रितों का कहना है कि परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु के बाद आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों के इलाज और रोजमर्रा के खर्चों का बोझ बढ़ गया है। उनका आरोप है कि कई बार आवेदन देने और व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों से मुलाकात करने के बावजूद अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन और ग्रेच्युटी सहित अन्य स्वत्वों का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई नहीं होने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराने की चेतावनी दी गई है।

स्कूल वैन हादसे में घायल बच्चों का हाल जानने पहुंचे राकेश सिंह, उपचार के दिए निर्देश

जबलपुर। गढ़ा थाना क्षेत्र के गढ़ा पुरवा में गुरुवार को कार और स्कूल वैन की टक्कर में घायल हुए बच्चों के समुचित उपचार के निर्देश लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने दिए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से घटना की जानकारी ली और मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों से चर्चा कर घायल बच्चों के स्वास्थ्य एवं उपचार की स्थिति पूछी।

मंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को बच्चों के उपचार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बताया गया कि सुबह करीब 11 बजे बच्चों को स्कूल लेकर जा रही वैन को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में नौ बच्चे घायल हुए, जिन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा के अनुसार सभी घायल बच्चों की हालत स्थिर और खतरे से बाहर है। सभी का कैजुअल्टी में उपचार चल रहा है और चिकित्सक लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक बच्चे के जबड़े में फ्रैक्चर है। बच्चों के एक्स-रे सहित अन्य आवश्यक जांचें कराई जा रही हैं। हादसे की सूचना पर प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे।

दीनदयाल चौक से मंडी तक चला सफाई और अतिक्रमण विरोधी अभियान

अतिक्रमण मुक्त हुए प्रमुख चौराहे, यातायात हुआ सुगम

जबलपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त सौरव मिश्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखिलेश तिवारी के नेतृत्व में प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर कार्रवाई की गई।



अभियान के दौरान दीनदयाल चौराहा, अहिंसा चौक, एसबीआई चौक, मदन महल सिग्नल, जबलपुर हॉस्पिटल सिग्नल और रानीताल चौराहा सिग्नल को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही दीनदयाल चौराहे से कृषि उपज मंडी मार्ग तक विशेष सफाई एवं व्यवस्थापन कार्य किया गया। संयुक्त दल ने यातायात में बाधक 70 से अधिक अस्थाई ठेले एवं स्टॉल हटवाए तथा 20 से अधिक अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के बाद प्रमुख चौराहों और सड़कों पर यातायात सुचारु हुआ। अभियान में ट्रैफिक पुलिस, थाना माढ़ोताल पुलिस सहित अतिक्रमण अधिकारी कृष्ण पाल सिंह रावत, सहायक अतिक्रमण अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी, लक्ष्मण कोरी, जे. प्रवीण एवं अंकित पारस सहित नगर निगम का अमला मौजूद रहा।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान

जबलपुर। राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा बुधवार को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी के मुख्यालय परिसर स्थित हॉस्टल बिल्डिंग के निकट आयोजित कार्यक्रम में अभियंताओं और कार्मिकों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन फिरोज कुमार मेश्राम, मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग नायक, प्रशासन महाप्रबंधक नितिन खत्री, चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार वर्मा, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल महेश चंद बलोदी, अधीक्षण अभियंता सिविल मिलिन्द चौधरी सहित बड़ी संख्या में अभियंताओं एवं पुरूष व महिला कार्मिकों ने श्रमदान में सहभागिता की।

ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले हाजरी पेश करने पहुचें अक़ीदतमंद

हिंदू-मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पेश कीं चादरें शरीफ

जबलपुर। मदन महल पहाड़ी पर स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह शरीफ में ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले का आयोजन अकीदत और मोहब्बत के माहौल में किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में जायरीन और अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ में हाजिरी पेश की। बड़ी संख्या में लोगों ने चादरें और निशान शरीफ पेश कर दुआएं मांगीं। नजर-नियाज पेश करने के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसे जायरीन में तकसीम किया गया। मेले में हिंदू धर्मावलंबियों ने भी बड़ी संख्या में दरगाह पहुंचकर सलामी पेश की और अपनी मन्नतें मांगीं। प्रमुख रूप से मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सरपरस्ती में दरबार-ए-पहलवान गांधी व्यायामशाला रांझी के तत्वावधान में दरगाह शरीफ में चादर पेश की गई।

चादर शरीफ रांझी दरबार से शाम 5 बजे रवाना हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मदन महल दरगाह शरीफ पहुंची। दरगाह पहुंचने पर अकीदत के साथ चादर शरीफ पेश की गई। इस दौरान मुल्क और शहर में अमन-ओ-अमान, खुशहाली एवं भाईचारे के लिए दुआ की गई। अपराह्न जुहर की नमाज के बाद मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में जलसा-ए-गौसिया आयोजित किया गया। इसमें सज्जादानशीन खलीफा इनायत कादरी ने गौसे आजम की सीरत पर रोशनी डाली। वहीं बासित अली कादरी ने नात शरीफ और मनकबत पाक पेश की। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे और दरगाह शरीफ में हाजिरी देकर फैज हासिल किया। दरगाह परिसर में मुरीदों और मुजावरों की आमद दिनभर बनी रही।

कार्यक्रम के दौरान सज्जादानशीन सूफी मुबारक कादरी, निजाम कादरी, आफताब कादरी, आबिद कादरी, इदरीस कादरी, अब्बू बाबा कादरी, अफजल कादरी, एजाज कादरी गोलू, फैजान कादरी और शानू कादरी ने हाजरीन की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया।

इस दौरान मुहम्मद अली राजा, असगर कादरी, शराफत कादरी, अशफ़ाक कादरी, आशु कादरी और अमान कादरी ने तबर्रुक पेश किया। अहसान अंसारी, संजय रजक, आनंद रजक, सफीक बाबा सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। सायंकाल मगरिब की नमाज के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी ने बताया कि आगामी 8 अक्टूबर, जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के आखिरी मेले का आयोजन बड़े एहतेमाम के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर बाद नमाज-ए-जुहर सूफी संत सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत दर्शनी के सरपंच सुमित राय को हाई कोर्ट से राहत

धारा 40 में प्राकृतिक न्याय जरूरी बिना पक्ष सुने सरपंच को हटाना गलत

बर्खास्तगी आदेश पर रोक, उपचुनाव भी स्टे के अधीन

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत सरपंच को हटाने की कार्रवाई में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन जरूरी माना है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने ग्राम पंचायत दर्शनी, तहसील मझौली, जिला जबलपुर के निर्वाचित सरपंच सुमित राय को अंतरिम राहत दे दी। कोर्ट ने पांच जून 2026 को पारित पद से हटाने के आदेश के क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी। कोर्ट ने शासन और जिला प्रशासन को उन्हें अगली सुनवाई तक सरपंच के रूप में कार्य करने देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सरपंच पद के उपचुनाव की प्रक्रिया को भी अंतरिम आदेश के अधीन रखा है।



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा ने दलील दी कि धारा 40 की कार्रवाई में उन्हें प्रभावी सुनवाई का अवसर नहीं मिला। जांच के दौरान गवाहों से प्रतिपरीक्षण का अवसर नहीं दिया गया तथा अपना पक्ष और साक्ष्य प्रस्तुत करने का समुचित मौका भी नहीं मिला। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट की प्रति भी उपलब्ध नहीं कराई गई। याचिकाकर्ता ने चंद्रकांता बाई विरुद्ध स्टेट आफ मप्र (2014) और राजेन्द्र सिंह रघुवंशी विरुद्ध स्टेट आफ मप्र (2004) के न्याय दृष्टांतों का हवाला दिया। कोर्ट ने इनका उल्लेख करते हुए अंतरिम राहत प्रदान की। राज्य निर्वाचन आयोग ने 31 अगस्त को उपचुनाव की अधिसूचना जारी की थी। कोर्ट के आदेश से यह प्रक्रिया भी फिलहाल अंतरिम आदेश के अधीन रहेगी। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय

अधिवक्ता दीपक पटेल की छह माह के लिए सदस्यता निलंबित

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की कार्यकारिणी सभा नेअधिवक्ता दीपक पटेल की सदस्यता छह माह के लिए निलंबित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। संघ अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं सचिव शैलेंद्र सिंह ठाकुर के अनुसार अधिवक्ता पटेल के विरुद्ध संघ से प्राप्त शिकायत में न्यायालय परिसर के बाहर स्थित दुकानदारों से कथित रूप से आर्थिक लाभ लेने तथा अधिवक्ता नैतिक के विरुद्ध अनावश्यक रूप से अपराध पंजीबद्ध कराने का प्रयास किए जाने के आरोप थे। कार्यकारिणी ने परिस्थितियों को देखते हुए यह कार्रवाई की। निर्णय में यह भी कहा गया कि यदि छह माह के भीतर अधिवक्ता पटेल अपने आचरण में परिवर्तन नहीं करते हैं तो उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उनकी सदस्यता स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए राज्य अधिवक्ता परिषद को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

पमरे मुख्यालय में नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

जबलपुर। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों एवं पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित हेरिटेज लोको गार्डन में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, योग प्रदर्शन एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। इसके बाद रेलवे सांस्कृतिक अकादमी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रिया मंडल एवं अनन्या सोलंकी ने योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यालय के 55 सफाई मित्रों को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डब्ल्यू.एस.ई.सी. केजी/हाई स्कूल, पश्चिम मध्य रेल के स्वच्छता विषयक ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता के दो श्रेष्ठ विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार रावत ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। महाप्रबंधक ने 'न गंदगी करूंगा, न गंदगी करने दूंगा' का संकल्प अपनाने तथा चार रंगों के डस्टबिन के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में एस.एस. पाराशर एवं प्रज्ञेश निम्बालकर ने आभार व्यक्त किया।



तहसील कार्यालय में हुई किसानों के साथ अहम बैठक

सिहोरा। तहसील कार्यालय में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम ज्योति परस्ते, एसडीओ कृषि मनीषा पटेल सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों ने धान पंजीयन एवं खरीदी, पराली निस्तारण, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, बिजली कटौती रोकने, अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने और नहरों की गुणवत्ता सुधारने सहित विभिन्न समस्याएं रखीं।



किसानों ने खेतों के छूटे खसरों की पुनः गिरदावरी, धान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ाने, धान को भावांतर योजना में शामिल नहीं करने तथा समर्थन मूल्य पर 25 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से खरीदी की मांग की। कृषि पंपों के स्थायी कनेक्शन में दूरी की बाध्यता समाप्त करने और बढ़े हार्सपावर लोड में सुधार की मांग भी रखी गई। खम्हरिया-प्रतापपुर माइनिंग नहर को यथावत चालू रखने की मांग भी प्रमुख रही। बैठक में भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अधिवक्ता रमेश पटेल, भारतीय किसान संघ के नंदकिशोर परौहा, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार कुर्मी, रामराज पटेल, अशोक पटेल, रविदीप सिंह बैंस, डॉ. संतोष पटेल एवं अधिवक्ता रामगोपाल पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

पिसनहारी मढ़िया में मनाया गया क्षमावाणी पर्व

जबलपुर। जैन तीर्थ पिसनहारी मढ़िया में गुरुवार को जैन संतों एवं साध्वियों के सानिध्य में क्षमावाणी पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीर्थ क्षेत्र में नवनिर्मित धर्मशाला के तेल क्षेत्र का अनावरण पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, सरदार दलवीर सिंह जस्सल एवं तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र जैन मामा ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने क्षमा, संयम और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। जैन परंपरा के अनुसार क्षमावाणी पर्व आत्मावलोकन एवं परस्पर क्षमा मांगने का अवसर माना जाता है। समारोह में संजय अरिहंत, सुबोध जैन, दिगंबर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन, मध्यप्रदेश दिगंबर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन कुमार जैन, राजेंद्र जैन बंधु, डॉ. एम.के. जैन, नेतराम पटेल, राजू यादव एवं मिस्टर जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

जबलपुर। महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, मध्यप्रदेश जिला संघ जबलपुर द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को सुबह 10 बजे पी.एम. श्री एम.एल.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नेपियर टाउन में किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ युवा स्काउट्स एवं गाइड्स में सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में स्काउट्स-गाइड्स के साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला संघ ने सभी संबंधितों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है।



डॉ. हीरालाल की 159वीं जयंती पर छायाचित्र प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

जबलपुर। विश्वप्रसिद्ध इतिहासज्ञ एवं पुरातत्वविद तथा भूतपूर्व डिप्टी कमिश्नर रायबहादुर डॉ. हीरालाल राय की 159वीं जयंती के उपलक्ष्य में रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित रायबहादुर डॉ. हीरालाल कला वीथिका में बुधवार को उनके जीवन एवं कार्यों पर केंद्रित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। संग्रहालय अध्यक्ष मनोहर सिंह उइके ने सुबह 11.30 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी शाम 7 बजे तक आमजन के लिए खुली रही। इस अवसर पर संग्रहालय के प्रमोद राव सहित सात्विक सेवा संस्था की अध्यक्ष अंशु राय, वरिष्ठ सदस्य रूमादास गुप्ता, सतीश श्रीवास्तव, गिरीश गुप्ता, एस.एल. सोनी, दिवाकर शर्मा, कपिल गायकवाड़, हिमांशु राय, प्रशांत जैन, प्रियांशु गोलानी, प्रशांक पाठक, आवेश सिंह, हरिशंकर शुक्ला, सौरभ एवं सात्विक राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय अरविंद मलिक की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई। इसमें उनकी पत्नी सुषमा मलिक एवं पुत्री रैना मलिक उपस्थित रहीं।

रेडक्रॉस सोसायटी के शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

जबलपुर। सेंट एलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गौर में सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ नशे से दूर रहने और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, विशिष्ट अतिथि पार्षद कमलेश अग्रवाल एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के एग्जीक्यूटिव सदस्य सुनील गर्ग उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। जिला चिकित्सालय विक्टोरिया की प्रभारी ब्लड बैंक डॉ. अमिता जैन ने भी युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में एनसीसी एवं एनएसएस विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान करीब 60 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। आयोजन में संस्थान के निदेशक फादर थेंकाचन जोस, प्राचार्य डॉ. रेनू, साधना यादव, डॉ. आराधना धनराज, फिरदौज फातिमा एवं सुनील गर्ग सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



विद्यार्थियों ने मोती-कुंदन से तैयार आभूषणों का किया प्रदर्शन

आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का दिया गया प्रशिक्षण

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय गढ़ा में आयोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 30 सितंबर को हुआ। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान तैयार किए गए मोती एवं कुंदन के हार, नथ, बैदी, अंगूठी और बैंगल पहनकर रैंप वॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गर्ल्स प्रतिभागियों में पलक ठाकुर प्रथम, अनुश्री चौबे द्वितीय और कीर्ति बर्रकडे तृतीय रहीं, जबकि बॉयज वर्ग में सैफ अली खान प्रथम रहे। कपल राउंड में पुष्पलता गोंड एवं गणेश सिंह प्रथम रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के मुख्य सलाहकार डॉ. अरुण शुक्ला एवं मनोवैज्ञानिक सुश्री मिता ठाकुर रहे। फेविकोल एक्सपर्ट सुश्री प्रियंका शर्मा ने विद्यार्थियों को



विभिन्न प्रकार की आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मनीषा कोल के मार्गदर्शन में हुआ। नोडल अधिकारी गर्जन सिंह मरावी सहित विवेक चौबे, प्रीति मेश्राम, दुर्गेश, सुमेधा गुप्ता, सत्यम बालादित्य भलावी, देवेंद्र कुशवाहा, डॉ. सोनमती विश्वकर्मा, डॉ. रंजना जैन, डॉ. रीना सोनी एवं डॉ. पायल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

अभिनेता भगवान दास पटेल का किया नागरिक अभिनंदन

युवा पंजाबी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने किया सम्मान

जबलपुर।

होटल अरिहंत पैलेस में जबलपुर एस राउंड टेबल 365 (JART-365) एवं युवा पंजाबी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अभिनेता एवं रंगकर्मी भगवान दास पटेल का नागरिक अभिनंदन किया गया। फिल्म 'हनुमान अंश' (2026) में उनके द्वारा निभाए गए गोपाल दास बहेलिया के किरदार की सराहना के साथ बुंदेलखंडी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण तथा फिल्म जगत में जबलपुर का नाम रोशन करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। भगवान दास पटेल इससे पूर्व कटहल (2023), थार (2022), फोटोग्राफ (2019) और प्रेम रतन धन पायो (2015) में अभिनय कर चुके हैं। समारोह में उनके समर्पण और संघर्ष की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर साहिल खनीजो, विशेष जग्गी, प्रणव माधवानी, विख्यात सबलोक, आनंद शामदासानी, अंकित ग्रोवर, डॉ. अभिलाष शंकरन, मनमीत सिंह छाबड़ा, गगनदीप खन्ना, रोहन कोहली, अक्कांश अग्रवाल, अभिनव जैन, अंशुल चावला सहित अन्य उपस्थित रहे।



सड़क के गड्ढों को कचरे से भरने से फैल रही दुर्गंध

ड्रीम लैंड रहवासियों ने निगम से सफाई और सड़क सुधार की मांग की

जबलपुर। वार्ड क्रमांक 72 के ड्रीम लैंड, कठौदा रोड फेस-2 स्थित दादा ठनठनपाल वार्ड में सड़क के गड्ढों को भरने के लिए मुरम के स्थान पर कचरा और मलबा डाले जाने का आरोप स्थानीय नागरिकों ने लगाया है। रहवासियों के अनुसार कचरा डाले जाने से क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है तथा मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा बना हुआ है। नागरिकों ने नगर निगम से तत्काल सड़क से कचरा हटाकर गुणवत्तापूर्ण मुरम अथवा गिट्टी से गड्ढों को भरने की मांग की है। साथ ही पूरे क्षेत्र में फॉगिंग एवं विशेष सफाई अभियान चलाने तथा कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठेकेदार या कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। रहवासियों ने क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अर्चना सिसोदिया से भी समस्या के समाधान की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि 48 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो नगर निगम का घेराव किया जाएगा।



जेनरिक दवाएं भी प्रतिष्ठित कंपनियों की हों, गुणवत्ता पर हो जोर

जबलपुर। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की मासिक सलाहकार समिति की बैठक में लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण दवाएं और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। डिस्पेंसरी-4 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में मृगेंद्र नारायण सिंह, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला, श्रीप्रसाद उपाध्याय, एस.के. बनर्जी एवं चन्दर सिंह राजपूत सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



प्रतिनिधियों ने नकली एवं अमानक दवाओं की आशंका को देखते हुए औषधियों के प्रमाणीकरण, गुणवत्ता परीक्षण और नियमित निगरानी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं तो वे भी प्रतिष्ठित कंपनियों की हों, ताकि मरीजों का भरोसा कायम रहे। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निर्धारित ब्रांड की दवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की भी सराहना की गई। डॉ. रावत ने कहा कि प्रत्येक मरीज को पर्याप्त उपचार, दवा और उचित परामर्श उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। बैठक में डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस.के. राव, डॉ. एस.के. यादव, स्टाफ एवं सप्लायर प्रतिनिधि पंकज नवाठे उपस्थित रहे। संचालन में मनोज कुमार, लव दांगी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनंद कुमार सहित कर्मचारियों का योगदान रहा।

गांधी जयंती पर सामूहिक उपवास कर शिक्षक सौंपेंगे ज्ञापन

जबलपुर। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2026 को जिला स्तर पर सामूहिक उपवास एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे गांधी भवन, विक्टोरिया अस्पताल के बाजू में होगा। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों के अनुसार शिक्षक तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सामूहिक उपवास करेंगे और शाम 4 बजे मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे।

शिक्षकों की प्रमुख मांगों में टीईटी की अनिवार्यता निरस्त करना, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करना तथा व्यवहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने की मांग शामिल है। मोर्चा ने जिले के सभी शिक्षक-अध्यापकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील उमाशंकर पटेल, जगत पटेल, अजय रजक, राकेश उपाध्याय, अजय सिंह, दीपक पटेल, नरेंद्र त्रिपाठी, संध्या अवस्थी, संतोष झारिया, भूमिका पटेल, ज्योत्स्ना उपाध्याय एवं अमिता कौर सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

पनागर। किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत, तहसील इकाई पनागर ने कलेक्टर जबलपुर के नाम तहसीलदार पनागर को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संघ ने धान पंजीयन में किसान की स्वयं की एवं सिकमी भूमि का पूर्व व्यवस्था के अनुसार पंजीयन, छूटे खसरों को जोड़ने के लिए पोर्टल पर विकल्प उपलब्ध कराने तथा गिरदावरी एवं पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की। किसान संघ ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सीमा 25 क्विंटल प्रति एकड़ करने और सभी सहकारी समितियों में पंजीयन केंद्र व ऑपरेटर की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी। इसके अलावा आवारा पशुओं से फसल सुरक्षा, बंद गौशालाओं को शुरू करने,



लंबित फार्मर आईडी बनाने, राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा किसानों की सुविधा के अनुसार धान खरीदी केंद्र बनाने की मांग की गई। ज्ञापन में लंबित धान भुगतान, जले ट्रांसफॉर्मर बदलने, विद्युत लाइनों के मेंटेनेंस और नहरों में पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल रही। ज्ञापन तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने पदाधिकारियों के साथ सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष रामदास पटेल सहित किसान उपस्थित रहे।

निधन

श्रीमती दर्शना गुलाटी- दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री अशोक गुलाटी की धर्मपत्नी श्रीमती दर्शना गुलाटी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती अनीता भाटिया- गुप्तेश्वर निवासी श्री सुरेंद्र मोहन भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता भाटिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री पूरन लाल सिंगरहा- सिंगरहाना मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री पूरन लाल सिंगरहा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कमला पटेल- गोरखपुर निवासी श्री भगवान दास पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला पटेल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री परमानंद गोस्वामी - फूलवाड़ी गढ़ा निवासी श्री परमानंद गोस्वामी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अरुण कुमार कुशवाहा- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अरुण कुमार कुशवाहा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मीना चंद्रोल- पूजा होम्स महाराजपुर निवासी श्री जीपी चंद्रोल की धर्मपत्नी श्रीमती मीना चंद्रोल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुरेश चंद्र राय- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सुरेश चंद्र राय (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष विश्वकर्मा- आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री संतोष विश्वकर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



टीबी रोगियों को वितरित की गई पोषक आहार किट

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा टीबी रोगियों के लिए पोषक आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने उपचाररत टीबी रोगियों को पोषक आहार किट वितरित कीं। उन्होंने कहा कि टीबी उपचार में दवाओं के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार भी महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण रोगियों की शारीरिक क्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने में सहायक होता है।

विभाग द्वारा तैयार किट में मल्टीग्रेन आटा, रागी आटा, बेसन, राजगिरा के लड्डू, मूंगफली की चक्की सहित अन्य पोषक खाद्य पदार्थ शामिल किए गए। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार श्रीमती रचना शर्मा, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनुभा उपाध्याय सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

I, USHA PAREMMEL is legally Mother of ARMY NO-15723470W, Rank- HAV, Name- SREERESHK presently residing at Vill-ARALAM, POST- ARALAM, Teh-IRITTY, Distt- KANNUR, State- KERALA PIN- 670704. शपथपूर्वक नि लि कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम USHA P दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम USHA PAREMMEL दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850473 दिनांक 01/10/26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम -USHA P
सही नाम - USHA PAREMMEL

नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, RAMESHAN K is legally FATHER of ARMY NO-15723470W, Rank-HAV, Name- SREERESHK presently residing at Vill-ARALAM, POST-ARALAM, Teh-IRITTY, Distt- KANNUR, State- KERALA PIN- 670704, शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि REMESAN K & 10/05/1966 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एवं जन्मतिथि RAMESHAN K & 23/02/1967 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850474 दिनांक 01/10/26 नोटरी जबलपुर म प्र

गलत नाम एंव जन्मतिथि
REMESAN K & 10/05/1966
सही नाम एंव जन्मतिथि
RAMESHAN K & 23/02/1967

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
क्रमांक-का.से./2026-27/423
दिनांक- 30/09/2026
// सार्वजनिक सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-67 (वीरांगना अंवती बाई वार्ड) अंतर्गत मौजा/ ग्राम कजरवारा न.बं. 505 प.ह.नं. 23 नया 10 ख.नं. 386/2/1/1, 386/2/2 रकबा 0.6210 हेक्टेयर (6210 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास अनुमति (VILLASIFIVE) की अनुमति हेतु मेसर्स सलारिया बिल्डर्स द्वारा प्रोप्राराईटर श्री समीर सलारिया पिता श्री दीपक सलारिया, पता- प्लाट नं. 99, आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड जबलपुर विकासकर्ता/ कालोनाईजर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है:- बंधक संपत्ति का विवरण- भूखंड क्रमांक -10 एवं 11 कुल 02 नग क्षेत्रफल 557.69 वर्गमीटर। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन् कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम जबलपुर

In The Court Of VI Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur
Presiding Officer:किशोर कुमार मिश्रा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000045/2026)
अनूपा सेगन.....वादी
VS
अनुष्का.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक :-30/10/2026
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर मप्र

यह कि प्रार्थी अनूपा सेगन ने आपके विरूद्ध एमजेसी जी डब्ल्यू । नाबालिक की हिस्से की अचल संपति को विक्रय करने की अनुमति हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 28 September 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
(के.के. मिश्रा)
जिला न्यायाधीश (षष्टम)
जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे संयंत्र का शुभारंभ

16.80 करोड़ रुपए की लागत से तैयार फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का होगा भव्य शुभारंभ, दुग्ध उत्पादों के उत्पादन को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ परिसर में तैयार किए गए फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ 3 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। प्रदेश में इसे दुग्ध प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों के उत्पादन को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस प्लांट को केंद्र सरकार के 6 करोड़ रुपए के अनुदान तथा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के 10.80 करोड़ रुपए के अंशदान से तैयार किया गया है। इस परियोजना की कुल लागत 16.80 करोड़ रुपए है। संयंत्र की दूध प्रसंस्करण क्षमता 40 हजार लीटर प्रतिदिन है।

प्रतिदिन तैयार होंगे विभिन्न मूल्यवर्धित दुग्ध

फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी में आधुनिक मशीनरी एवं तकनीक के माध्यम से विभिन्न मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पाद तैयार किए जाएंगे।



परियोजना के अनुसार यहां प्रतिदिन 10 हजार लीटर दूध, 10 हजार लीटर दही और 30 हजार लीटर छाछ के उत्पादन की क्षमता होगी। इसके अलावा प्रतिदिन 1 हजार लीटर लस्सी, 800 किलोग्राम श्रीखंड और 1 हजार किलोग्राम मावा तैयार किया जा सकेगा। इस संयंत्र के माध्यम से दूध से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के उत्पादन को आधुनिक एवं व्यवस्थित प्रसंस्करण व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इससे सांची के मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों की उत्पादन क्षमता और विविधता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के एमडी जयदेव बिस्वास ने बताया कि फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट भोपाल दुग्ध संघ के लिए आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस संयंत्र के माध्यम से दही, छाछ, लस्सी, श्रीखंड और मावा सहित विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भारत सरकार के सहयोग और भोपाल दुग्ध संघ के योगदान से तैयार यह परियोजना सहकारी डेयरी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

'सहकार से समृद्धि' की दिशा में खास पहल

दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि और मूल्यवर्धित उत्पादों का विस्तार सहकारी डेयरी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। आधुनिक तकनीक आधारित यह संयंत्र दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और उत्पाद विविधीकरण को बढ़ावा देने में सहायक होगा। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ में तैयार फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पादों के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा।

अतिरिक्त आधारभूत संरचना कराएगा उपलब्ध

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मौजूदा दुग्ध प्रसंस्करण ढांचे के साथ यह नया संयंत्र मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए अतिरिक्त आधारभूत संरचना उपलब्ध कराएगा। इससे दुग्ध उत्पादों के विविधीकरण और आधुनिक प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा। फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी के माध्यम से दूध से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की क्षमता में वृद्धि होगी और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे को लेकर 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री (जेड प्लस सुरक्षा) अमित शाह के 2 और 3 अक्टूबर को भोपाल दौरा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। अतिविशिष्ट सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजधानी के प्रमुख कार्यक्रम स्थलों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे को तत्काल प्रभाव से 'रेड जोन' और 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया गया है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाए रखने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है। पुलिस व प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत भोपाल के प्रमुख स्थानों से 5 किमी की परिधि में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ताज लेक फ्रंट होटल में रूकेंगे। यहां से वे भेल दशहरा मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा आईसर भौरी जाएंगे। गृह मंत्री की सुरक्षा को देखते हुए चाक चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए भोपाल पुलिस के साथ ही विशेष सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है।

ड्रोन और पैराग्लाइडर उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध

घोषित किए गए रेड जोन और नो फ्लाइंग जोन के भीतर किसी भी प्रकार के ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या अन्य किसी भी तरह के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट (उड़ने वाली वस्तुओं) को उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

भोपाल। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल www.mpeuparjan.nic.in पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं की ओर से संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों की ओर से संचालित साइबर कैफे पर की गई है। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। इनके लिए पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था मैं सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक, कम मतों से जीती सीटों पर चर्चा

संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में आगामी रणनीति को लेकर चर्चा के साथ ही महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर सहित अन्य नेता और मंत्री मौजूद रहे। बैठक में पिछली विधानसभा में हारी हुई 66 विधानसभा सीटों को लेकर भी चर्चा हुई। इन सीटों पर संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए अलग रणनीति तैयार करने के साथ ही हार-जीत के अंतर पर भी मंथन हुआ। इसके अलावा 5 हजार या उसे कम मतों के अंतर से जीती हुई सीटी को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में इन सीटों पर संगठन की स्थिति का आंकलन कर जमीनी स्तर पर काम बढ़ाने की बात कही गई। इन क्षेत्रों में पार्टी के कमजोर बूथ, मंडल और विधानसभा स्तर के संगठन की समीक्षा कर आगामी रणनीति तैयार करने, सरकार और संगठन के बीच समन्वय के साथ काम करने तथा सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों और जमीनी स्तर पर गतिविधियां बढ़ाने पर भी मंथन किया गया।



सीएम व प्रदेशाध्यक्ष संग नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी बैठक में जाते हुए।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने की मीडिया से चर्चा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कोर ग्रुप की बैठक में संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ भाजपा सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने सहित अन्य सभी विषयों पर मंथन हुआ है। खण्डेलवाल ने कहा कि आज से ही पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने आज संगठनात्मक गतिविधि और गति देने का कार्य प्रारंभ किया है। कोर ग्रुप की बैठक में संगठन और सरकार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मैंने प्रदेश संगठन के आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याण एवं विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, पार्टी के समक्ष आने वाली चुनौतियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के विषय पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कोर ग्रुप के सदस्यों ने अपने विचार एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आने वाले समय में किन विषयों को लेकर पार्टी को जनता के बीच जाना है और संगठन की गतिविधियों को किस प्रकार और अधिक प्रभावी बनाना है, इस पर भी विचार-विमर्श किया गया।

सेवा कार्यों को जन जन तक पहुंचाने पर बैठक में मंथन

संगठन के जरिए जनसेवा के कार्यों को और व्यापक बनाना है

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य संगठन की शक्ति के माध्यम से जनसेवा को और व्यापक बनाना है। सरकार और संगठन मिलकर जनता की सेवा के कार्यों को और आगे बढ़ाएं तथा संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है, इस पर बैठक में गंभीरता से मंथन हुआ। उन्होंने कहा कि आज जिन विषयों और सुझावों पर चर्चा की गई है, उन विषयों की प्रगति की समीक्षा आगामी महीनों में होने वाली कोर ग्रुप की बैठक में की जाएगी।

किनारे खड़े विजयवर्गीय पास बुलाया

शाम को बिप्लब कुमार भाजपा कार्यालय पहुंचे। मप्र भाजपा के बड़े नेता भी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां बैठक शुरू हुई।



इसके पहले प्रदेश कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल एक किनारे खड़े थे। इसी दौरान बिप्लब देव ने इशारे से कैलाश विजयवर्गीय को अपने पास बुलाया। विजयवर्गीय उनके पास पहुंचे और दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद देव पार्टी नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए।

उज्जैन पहुंची सेवा संकल्प यात्रा युवा संवाद में सीएम वर्चुअली जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएं। उनकी ओर से किए जा रहे जन-कल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वड़नगर तक चल रही सेवा यात्रा के उज्जैन पहुंचने पर विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा के लिए सेवा यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत संचालित कार्यक्रमों से नागरिकों को जोड़े। अलग-अलग राज्यों से जुड़े सेवा यात्री खान पान,संस्कृति का आपस में आदान प्रदान करें एवं सदभावना के साथ यात्रा को आगे बढ़ाएं। सेवा यात्रियों ने ग्राम कनासिया से उज्जैन जिले में प्रवेश किया। यात्रियों ने पौध-रोपण किया। उन्होंने विक्रम यूनिवर्सिटी के तालाब की साफ-सफाई भी की।

महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ आज अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर कर रहा वरिष्ठजनों का सम्मान

जबलपुर। अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ एवं महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के उपलक्ष्य में वरिष्ठजनों का सम्मान आज शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे से निराश्रित वृद्ध आश्रय गृह मेडिकल कॉलेज के आगे, बाजना मठ, तिलवारा रोड, में करा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सावला राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद सेठ अध्यक्ष, अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ होंगे तथा अध्यक्षता एड. उत्तमचंद गुप्ता बिलैया अध्यक्ष, महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ करेंगे। किया जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर उपस्थित की अपील महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ के अध्यक्ष एड. उत्तमचंद गुप्ता बिलैया, जगदीश बरसैंया अध्यक्ष प्रभारी क्षेत्रीय ग. वै. वरिष्ठ संघ, सुभाष चंद्र रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश तपा कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश कनकने मंत्री, एवं समस्त पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य सहित पूर्व समाज अध्यक्ष विजय सुहाने ने की है।

पुलिस कर रही मामले की जांच

महिला पर धर्मांतरण का दबाव पति, सास-ससुर पर केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक महिला पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पीड़ित महिला की ओर से दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस विभाग इस पूरे मामले की गहन जांच कर रहा है।

पीड़िता का हिंदू रीति-रिवाज से विवाह विनीत सुता के साथ संपन्न हुआ था। पीड़िता अपने पति और सास-ससुर के साथ तेलीबांधा क्षेत्र के अंतर्गत सतनामी पारा में निवास कर रही थी। महिला का आरोप है कि उसका पति विनीत सुता, सास निवेदिता सुता और ससुर अजय सुता उस पर लगातार धर्मांतरण करने तथा ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए दबाव बना रहे थे।

धर्मांतरण से इंकार किया तो की मारपीट

पीड़ित महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 27 सितंबर की रात करीब 8 बजे परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन कर रहे थे। उसी समय ससुराल वालों ने उस पर फिर से ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाला। इंकार करने पर पति, सास और ससुर ने मिलकर उसके साथ लात-घूंसों से गंभीर मारपीट की। महिला का आरोप है कि इस दौरान उसके ससुर अजय सुता ने स्पष्ट रूप से कहा कि उसके बेटे का विवाह केवल धर्मांतरण करवाने के उद्देश्य से ही कराया गया था। इस टिप्पणी पर पति और सास हंसते रहे तथा धर्मांतरण न करने की स्थिति में जान से मारने की धमकी भी दी गई।

परिवार वालों को महिला ने बताई अपनी पीड़ा

इस घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने पूरी बात की जानकारी अपने भाई ललित पटेल, बड़ी बहन संगीता पटेल, परिचित भूषण साहू और योगेश सैनी को दी। इसके पश्चात परिजनों एवं परिचितों के साथ पीड़िता तेलीबांधा थाने पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। तेलीबांधा थाना प्रभारी अजय झा ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले में शामिल तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अधिकारी इस मामले में आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त

दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत, तीन अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नेशनल हाईवे-30 पर संबलपुर के पास एक सड़क हादसा हो गया। रायपुर से जगदलपुर लौट रही एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी। हादसे में महारानी अस्पताल की 35 वर्षीय नर्स शबनम खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची अर्जुनी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल भिजवाया। घायलों को भी उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मरीज की मौत के बाद लौट रहा था परिवार

मिली जानकारी के अनुसार, जगदलपुर के कंगोली डोंगरीपारा निवासी 72 वर्षीय राजेंद्र खत्री विभिन्न बीमारियों से पीड़ित थे। उनकी मृत्यु के बाद परिजन शव को लेकर एंबुलेंस से जगदलपुर लौट रहे थे। गुरुवार सुबह करीब 4:30 बजे एंबुलेंस रायपुर से रवाना हुई। इस दौरान एंबुलेंस में मृतक के पुत्र देवेंद्र खत्री, उनकी पत्नी उषा खत्री, बेटी मीनाक्षी और महारानी अस्पताल की नर्स शबनम खान समेत अन्य लोग सवार थे। तेज रफ्तार एंबुलेंस पहले डिवाइडर से टकराई और फिर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी।

आरोपियों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज, घटना की जांच शुरू

तंत्र-मंत्र और बीमारी ठीक करने का झांसा देकर ठगे आभूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के गंज थाना क्षेत्र के फाफाडीह स्थित जयलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में तंत्र-मंत्र और बीमारी ठीक करने का झांसा देकर तीन कथित साधुओं ने एक महिला से लगभग 150 ग्राम सोने के आभूषण और नौ हजार रुपये ठग लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना मार्च 2026 की है, जब तीन आरोपी साधु के भेष में महिला नैना परमार के घर के आसपास पहुंचे। बातचीत के दौरान आरोपियों ने महिला को उसकी बीमारी और आंखों की समस्याओं



के बारे में कुछ ऐसी बातें बताईं, जिनसे महिला को लगा कि उन्हें उसके बारे में विशेष जानकारी है। आरोपियों ने परिवार की समस्याएं दूर करने और पूजा कराने का भरोसा दिलाया। पहली बार में उन्होंने पूजा के नाम पर लगभग तीन ग्राम सोने की अंगूठी और नौ हजार रुपये ले लिए। उन्होंने भरोसा दिया था कि पूजा पूरी होते ही सारा सामान वापस कर देंगे।

आरोपियों ने बार-बार किया महिला से संपर्क

आरोपी बार-बार महिला के घर पहुंचने लगे और मोबाइल नंबर देकर फोन पर भी संपर्क बनाए रखा। लगातार पूजा का झांसा देकर सोने-चांदी के जेवर मांगते रहे। लगभग सात बार में आरोपियों ने महिला से करीब 150 ग्राम सोने के आभूषण ले लिए, जिनमें अंगूठी, चेन, हार, चूड़ियां और कंगन शामिल थे। आरोपियों ने महिला को धमकी दी थी कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया तो बड़ी अनहोनी या किसी सदस्य की अकाल मौत हो सकती है। इस डर के कारण महिला ने महीनों तक परिवार से बात छिपाई।

महिला ने अपने पति को बताई पूरी घटना

गत 7 सितंबर से आरोपी दोबारा महिला से आभूषण और नकदी की मांग करने लगे। महिला के पास और सामान न होने पर भी वे लगातार फोन करते रहे। अंततः 25 सितंबर की रात जब महिला के पति जसवंत परमार घर पहुंचे, तो महिला ने रोते हुए पूरी बात बताई। इसके बाद पति तुरंत गंज थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल नंबरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश कर रही है।

मानदेय बढ़ाने, पेंशन शुरू करने समेत कई मांगें रखीं

वादा खिलाफी के विरोध में सड़कों पर उतरे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रोशनपुरा चौराहे पर बुधवार को सरपंचों ने प्रदर्शन किया। पंचायतों से जुड़े नियम और मांगों को लेकर राष्ट्रीय सरपंच संघ के बैनर तले सरपंच एक जगह जुटे थे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के सामने पंचायतों को अधिक अधिकार देने, सरपंचों का मानदेय बढ़ाने और पेंशन शुरू करने समेत कई मांगें रखीं। संघ के पदाधिकारियों ने टीटी नगर थाने में एक शिकायत भी पेश की, जिसमें पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा पंचायतों के अधिकार और दो करोड़ रुपए की राशि देने की बात कही गई है, जबकि ऐसा नहीं है। केंद्रीय मंत्री के



बयान की वजह से सरपंचों को पंचायत में जवाब देना मुश्किल हो गया। संघ ने पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया। साथ ही वे टीटी नगर थाने भी पहुंच गए। उन्होंने जीरामजी योजना के तहत फेस रीडिंग व्यवस्था पर नाराजगी जताई। संघ का कहना है कि इस व्यवस्था से खासतौर पर महिला मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की नई वेतन में बढ़ाए सिर्फ डेढ़ सौ रुपए

भोपाल। श्रम आयुक्त ने प्रदेश के शासकीय विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के वेतन में 1 अक्टूबर 2026 से मार्च 2027 तक के लिए नई वेतन वृद्धि के आदेश जारी किए गए है। नई वेतन वृद्धि में मात्र डेढ़ सौ रुपए प्रतिमाह के वृद्धि की गई है। मप्र कर्मचारी मंच ने नई वेतन वृद्धि को ऊंट के मुंह में जीरा के समान कहा। मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के वेतन वृद्धि में पुनः विचार कर एक हजार प्रतिमाह वेतन वृद्धि करने के आदेश करने की मांग की।

जलभवन मुख्यालय पर प्रदर्शन स्थगितः अपर मुख्य सचिव ने मांगों पर जताई सहमति



भोपाल। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के आवाहन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कर्मचारी की मांगों को लेकर गुरूवार एक अक्टूबर को जल भवन मुख्यालय पर प्रस्तावित घेराव प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। बुधवार को विभाग के अपर मुख्य सचिव सचिन सिन्हा की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई मांगों पर चर्चा में हुई सहमति के बाद प्रस्तावित आंदोलन कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। संघ के संरक्षक शिल्प प्रताप सिंह पुंडीर, अध्यक्ष प्रणव खरे ने बताया कि संघ की मांगे कार्यभारित सेवा के अस्थाई संवर्गों को पद विभेदीकरण नीति अंतर्गत स्थाई संवर्गों में परिवर्तित करने, 240 दिवस सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगियों के संबंध में शासन से मार्गदर्शन बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं 45 वर्ष पूर्ण कर चुके लिपिक को भी पदोन्नति हेतु विवाह की परीक्षा की छूट प्रदान करने, कार्यभारित सेवा भर्ती नियमों में संशोधन कर पदोन्नति लाभ देने, संविदा नीति वर्ष 2023 के अनुकंपा नियुक्ति देने और चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड 3 के पद पर नियुक्ति में पदोन्नति बाध्यता में सीपीसीटी हटाए जाने के संबंध में सामान प्रशासन विभाग में की गई चर्चा अनुसार समाधान करने का आश्वासन अपर मुख्य सचिव सचिन सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर व्यास मुनि चौबे, डॉ देवी सिंह सनोदिया, दिनेश तिवारी, सुग्रीव सिंह, भगवान सिंह ठाकुर सहित संघ पदाधिकारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी मांग का नोटिस



नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक को अपने खातों में निर्धारित न्यूनतम राशि बनाए रखने वाले ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं पर 229 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी मांग को लेकर कारण बताओ नोटिस मिला है। 2017 की धारा 73 के तहत अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय माल एवं सेवा कर की ओर से नोटिस मिला है।

रुपया 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर रहा। यह दो महीने से अधिक समय में रुपये का सबसे निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी की चिंता के बीच रुपये पर आगे भी दबाव बना रह सकता है।

ए-वन स्टील्स की बाजार में अच्छी शुरुआत



नई दिल्ली। ए-वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड का शेयर 405 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने 462 रुपये पर कारोबार शुरू किया, जो निर्गम मूल्य से 14 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर यह निर्गम मूल्य से 12.34 प्रतिशत अधिक 455 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

वीबीएल का अधिग्रहण सौदा मध्यस्थता में भेजा गया



नई दिल्ली। वरुण बेवरेजेज लिमिटेड (वीबीएल) की दक्षिण अफ्रीकी कंपनी क्रिकली डेयरी प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण की प्रस्तावित योजना को मध्यस्थता के लिए भेज दिया गया है। इसकी वजह 30 सितंबर, 2026 की समयसीमा तक एक पूर्व शर्त का पूरा नहीं हो पाना है। इसका उद्यम मूल्य 23.8 करोड़ दक्षिण अफ्रीकी रैंड (करीब 131.47 करोड़ रुपये) था।

बागची होंगे एचडीएफसी बैंक के नए सीईओ



नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को अनूप बागची को तीन साल के लिए अपना प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति 27 अक्टूबर, 2026 से प्रभावी होगी। बागची फिलहाल आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हैं। वह शशिधर जगदीशन की जगह लेंगे, जिन्होंने अगस्त में कहा था कि 26 अक्टूबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पुनर्नियुक्ति नहीं चाहेंगे।

सोना 500 रुपए चढ़ा और चांदी 5000 रुपए गिरी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह 500 रुपये बढ़कर 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। रुपये के कमजोर होने और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने में तेजी को समर्थन मिला। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एआई से साइबर हमलों की रफ्तार बढ़ी, पर बचाव भी यही करेगा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिस कैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के आने से साइबर हमलों की रफ्तार, दायरा और स्वचालन बढ़ गया है लेकिन यही प्रौद्योगिकी साइबर हमलों से बचाव का महत्वपूर्ण साधन भी बन सकती है। कैन ने यहां आयोजित 'थेल्स साइबर समिट 2026' में कहा कि पहले जिन साइबर हमलों के लिए विशेषज्ञों की टीम की जरूरत होती थी, उन्हें अब एआई आधारित उपकरणों (टूल) की मदद से तेजी से अंजाम दिया जा सकता है। उन्होंने एआई प्रणालियों के बढ़ते स्वायत्त इस्तेमाल को भी चिंता का विषय बताया।

- एआई के आने से साइबर हमलों की रफ्तार बढ़ गई है

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन कैन ने कहा

सबसे कमजोर कड़ी को निशाना बनाते है हमलावर

चेयरमैन ने कहा कि हमलावर अक्सर किसी कंपनी की कारोबारी श्रृंखला की सबसे कमजोर कड़ी को निशाना बनाते हैं। ऐसे में संगठनों को केवल हमले रोकने पर ध्यान देने के बजाय घुसपैठ का जल्द पता लगाने और उसके असर को सीमित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। कैन ने कहा कि साइबर सुरक्षा की चुनौती इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि कंपनियां अपने डेटा की सुरक्षा के लिए कई अलग-अलग प्रणालियों का इस्तेमाल करती हैं।



आज के सुरक्षित डेटा को कल डिकोट करने का खतरा

कैन ने क्वांटम कंप्यूटिंग से पैदा होने वाले भविष्य के खतरे की तरफ ध्यान दिलाते हुए कहा कि आज सुरक्षित माने जाने वाले एनक्रिप्टेड डेटा को भविष्य में अधिक शक्तिशाली क्वांटम कंप्यूटर की मदद से डिकोड किए जाने का खतरा है। इस सम्मेलन में थेल्स ने साइबर सुरक्षा के लिए कुछ समाधान भी पेश किए।

साइबर खतरे अब ऑनलाइन तक सीमित नहीं : रक्षा, वैमानिकी और साइबर एवं डिजिटल क्षेत्र में सक्रिय कंपनी थेल्स के प्रमुख ने कहा कि साइबर खतरे अब केवल ऑनलाइन अपराधियों तक सीमित नहीं रह गए हैं। सरकारों और महत्वपूर्ण सेवाएं देने वाली कंपनियों को भी निशाना बनाया जा रहा है, ताकि उनकी प्रणालियों तक पहुंच हासिल कर सेवाएं बाधित की जा सकें।

एआई एजेंट का इस्तेमाल साइबर जासूसी के लिए

चेयरमैन ने कहा, ''एआई साइबर सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बना है, लेकिन इससे साइबर हमलों से बचाव में भी मदद मिल सकती है। एआई अपने साथ रफ्तार लेकर आया है और सबकुछ बहुत तेजी से हो जाता है। कैन ने कहा कि एआई अब प्रभावी रूप से एक हथियार बन चुका है। उन्होंने ऐसे मामलों का उल्लेख किया, जिनमें एआई एजेंट का इस्तेमाल साइबर जासूसी के लिए किया गया।

वित्त मंत्रालय की जारी रिपोर्ट में कहा गया

व्यापार, कच्चे तेल की अनिश्चितताओं से पूंजी आकर्षित करना भारत के लिए चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह पूंजी प्रवाह आकर्षित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसरों की कमी देश की निवेश लाने की क्षमता को प्रभावित कर रही है।

वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इस साल जुलाई-अगस्त के जीएसटी संग्रह, निर्यात आंकड़े समेत उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतक अप्रैल-जून, तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि के बाद आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार में कुछ नरमी का संकेत देते हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए बड़ी ताकत

- अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता
- कच्चे तेल की कीमतों में आए दिन आ रहा उछाल
- वैश्विक एआई से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसर की कमी
- भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है



रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह, पूंजी प्रवाह आकर्षित करने की बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, संकेत हैं कि शुद्ध आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह इस वित्त वर्ष में पिछले साल की तुलना में बेहतर रह सकता है। इसमें कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए एक बड़ी ताकत है।

वैश्विक परिस्थितियां फिर प्रतिकूल

रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक परिस्थितियां एक बार फिर प्रतिकूल हो गई हैं। सितंबर में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है। मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया, ''वैश्विक और उससे उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता का मतलब है कि भारत कोविड के बाद की वृद्धि की उपलब्धियों पर निर्भर होकर नहीं रह सकता।

विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ी

अमेरिका के साथ 'अस्थिर' व्यापार संबंध, कृत्रिम मेधा के चलते वैश्विक स्तर पर पूंजी निवेश और सीमापार पूंजी प्रवाह में बदलाव तथा विकसित देशों द्वारा अपनी विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निवेश हासिल करने की होड़ ने विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं।

भारत में विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है

इसे हर तिमाही अर्जित करना होगा। यही नीति-निर्माताओं के सामने चुनौती है। रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था को 'कारोबार के अनुकूल के बजाय अधिक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल' बनाने की जरूरत की बात कही गयी है। इसमें कहा गया कि केवल प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था ही सफल, नवोन्मेषी और विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है।

अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों में कड़वाहट

मासिक समीक्षा में कहा गया, ''अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों की स्थिति, शुल्क संबंधी दबाव, कच्चे तेल की कीमतों और आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता तथा वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा से जुड़े घटनाक्रमों में भारत से जुड़ी संभावनाओं का अभाव भारत की स्थिति को आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रभावित कर रहा है। समय के साथ इन चुनौतियों के कम होने पर भारत की वृद्धि क्षमता निवेशकों का ध्यान आकर्षित करेगी।

जीएसटी संग्रह सितंबर में 15 प्रतिशत बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपए के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 14.7 प्रतिशत बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। घरेलू खपत और आयात से होने वाले राजस्व में मजबूत वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। सरकार के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

हालांकि, सितंबर में जीएसटी 'रिफंड' तीन प्रतिशत घटकर 27,001 करोड़ रुपये रहा। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी संग्रह 18.1 प्रतिशत बढ़कर 1.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। घरेलू गतिविधियों से सकल जीएसटी संग्रह 10.1 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये, जबकि आयात से प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़कर 65,525 करोड़ रुपये रहा।

चालू वित्त वर्ष में यह तीसरा महीना है जब सकल जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार रहा है।



- घरेलू खपत बढ़ने और आयात से होने वाले राजस्व से बढ़ा जीएसटी
- हालांकि, सितंबर में जीएसटी 'रिफंड' तीन प्रतिशत घटा

इससे पहले अप्रैल में जीएसटी संग्रह करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये और जुलाई में 2.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सकल जीएसटी संग्रह 11.6 प्रतिशत बढ़कर 12.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस दौरान शुद्ध संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 10.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि से पता चलता है कि वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है।

चार बड़े राज्यों का संग्रह बढ़ा

उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात और कर्नाटक में संग्रह 16 से 18 प्रतिशत तक बढ़ा है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो देशभर में व्यापक आर्थिक विकास का संकेत देती है।

कंपनियों ने पहली छमाही में निर्गम से रिकॉर्ड राशि जुटाई



- चालू वित्त वर्ष अप्रैल से सितंबर के आईपीओ से 94,205 करोड़ रुपए जुटाए
- छह माह में कुल 78 कंपनियों ने अपना आईपीओ लाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विभिन्न कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में रिकॉर्ड 94,205 करोड़ रुपये जुटाए हैं। प्राइम डेटाबेस की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) जैसी बड़ी कंपनियों के निर्गम के बल पर यह पूंजी जुटाई गई।रिपोर्ट के मुताबिक, छह महीने में कुल 78 कंपनियां मुख्य मंच के आईपीओ के साथ बाजार में उतरीं और इनके जरिये 94,205 करोड़ रुपये जुटाए गए। यह राशि पिछले साल की समान अवधि में 65 आईपीओ के जरिये जुटाए गई 69,533 करोड़ रुपये की राशि से 35 प्रतिशत अधिक है।

रिकॉर्ड स्तर पर यह धन जुटाया गया है, जबकि साल की शुरुआत बेहद धीमी रही थी और पहले तीन महीनों में केवल 3,794 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। इसके अलावा, छह महीने के अधिकतर समय में द्वितीयक यानी शेयर बाजारों में भी उतार-चढ़ाव रहा। रिपोर्ट के अनुसार, आईपीओ गतिविधियों का परिदृश्य भी अच्छा है। सेबी की मंजूरी के साथ कुल 145 कंपनियां करीब 2.78 लाख करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में हैं।

एनएसई ने आईपीओ से 22,563 करोड़ जुटाए

इसमें कहा गया है कि एसएमई आईपीओ को मिलाकर पहली छमाही में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये जुटाई गई कुल राशि एक लाख करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 76,330 करोड़ रुपये थी। इस दौरान एनएसई ने आईपीओ 22,563 करोड़ रुपये जुटाए।

एनटीपीसी का बिजली उत्पादन दूसरी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़ा...



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 13 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 117.9 अरब यूनिट हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी का उत्पादन 104.4 अरब यूनिट था। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, एनटीपीसी ने बिजली उत्पादन, कोयला आपूर्ति और बिजली कारोबार समेत सभी क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की परिचालन दक्षता को दर्शाता है। 2026-27 की दूसरी तिमाही में कोयला आपूर्ति सालाना आधार पर 28.45 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1.18 करोड़ टन रही।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सात माह के उच्च स्तर पर

- सितंबर में सूचकांक बढ़कर 55.1 हो गई
- नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि मुख्य वजह रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर और उत्पादन में तेजी इसकी मुख्य वजह रही। बृहस्पतिवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में सितंबर में फिर तेजी आई, जिसे घरेलू एवं निर्यात मांग में मजबूती से बढ़ावा मिला। इसके अलावा, कारोबारी धारणा चार महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक सितंबर में दो से अधिक अंक बढ़कर 55.1 हो गया, जो अगस्त में 52.8 था। यह सात महीने में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, ''भारतीय कारखाना क्षेत्र ने तिमाही का अंत मजबूत स्थिति के साथ किया।

त्योहारों से पहले सरकार ने चीनी डीलर के लिए स्टॉक सीमा घटाई

- चीनी रखने की सीमा घटाकर 1000 क्विंटल कर दी
- यह सीमा 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार ने त्योहारों के मौसम में चीनी की पर्याप्त आपूर्ति और उचित कीमत सुनिश्चित करने के लिए बृहस्पतिवार को डीलर के पास चीनी रखने की सीमा घटाकर 1,000 क्विंटल कर दी। यह सीमा 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगी और डीलर अधिकतम 15 दिन तक का स्टॉक रख सकेंगे।

इसके साथ ही, खाद्य मंत्रालय ने कहा कि कोलकाता और उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्र तथा असम में क्षेत्र विशेष की जरूरतों को देखते हुए स्टॉक सीमा 2,000 क्विंटल होगी। एक अक्टूबर से नए चीनी सत्र की शुरुआत के साथ त्योहारी अवधि में उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार कदम उठा रही है।

पहले 4000 क्विंटल की स्टॉक सीमा तय की थी : मंत्रालय ने कहा कि संशोधित नियमों का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में चीनी के अनावश्यक भंडारण को रोकना और मिलों से डीलर के जरिये अंतिम उपभोक्ता तक इसकी सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह कदम जमाखोरी, सट्टेबाजी और डीलर द्वारा स्टॉक जमा करने पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। इससे पहले अगस्त में सरकार ने डीलर के लिए देशभर में 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा तय की थी।

सिंतबर में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 21 फीसदी बढ़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वाहनों की बिक्री बढ़कर 4.60 लाख इकाई रहने का अनुमान
- मारुति सुजुकी की बिक्री में 34 प्रतिशत का उछाल
- प्रमुख कंपनियों ने दहाई अंक से अधिक वृद्धि दर्ज की
- त्योहारी मौसम से पहले कंपनियों ने डीलरों को आपूर्ति बढ़ाई

देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर करीब 21 प्रतिशत बढ़कर 4.60 लाख इकाई रहने का अनुमान है। इस दौरान प्रमुख वाहन कंपनियों ने दहाई अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की।

अक्टूबर में शुरू होने वाले त्योहारी मौसम से पहले वाहन कंपनियों ने डीलर को आपूर्ति बढ़ाई, जबकि मांग भी मजबूत बनी रही। एक साल पहले जीएसटी दरों में बदलाव से पहले करीब 22 दिन तक बिक्री प्रभावित होने के कारण आधार प्रभाव कम था। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू थोक बिक्री सितंबर में 37 प्रतिशत बढ़कर 1,81,838 इकाई हो गई। इस दौरान कंपनी का कुल निर्यात 44,219 इकाई पर लगभग स्थिर रहा।

अधिकारी पार्थो बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सितंबर में उद्योग की थोक बिक्री करीब 4.60 लाख इकाई रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की करीब 3.78 लाख इकाई से 20-21 प्रतिशत अधिक है। 15 प्रतिशत बढ़कर 68,810 इकाई, महिंद्रा एंड महिंद्रा की 14 प्रतिशत बढ़कर 64,092 इकाई और हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री 10.9 प्रतिशत बढ़कर 57,166 इकाई रही।

होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री 26 फीसदी बढ़ी

कंपनी का निर्यात 36,638 वाहन से घटकर 27,330 वाहन रह गया। बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 2,39,771 इकाई रही, जो एक साल पहले 2,73,188 इकाई थी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की घरेलू बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 6,36,768 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 5,05,693 वाहन थी।

तीन करोड़ अंशधारकों को जोड़ने का लक्ष्य

अब यूपीआई ऐप से खोल सकेंगे एनपीएस खाता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरपर्सन एस. रमन ने बृहस्पतिवार को 'एनपीएस तत्काल' योजना की शुरुआत की। इसके तहत अब यूपीआई ऐप के जरिये भी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खाता खोला जा सकेगा।

- इसकी शुरुआत भीम यूपीआई ऐप से की जा रही है

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यूपीआई ऐप के माध्यम से नए अंशधारकों को एनपीएस से जोड़ा जाएगा। इसकी शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के भीम यूपीआई ऐप से की जा रही है। रमन ने कहा कि प्राधिकरण का अगले दो साल में एनपीएस से करीब दो से तीन करोड़ नए अंशधारक जोड़ने का लक्ष्य है। अब तक पांच बैंक 'एनपीएस तत्काल' से जुड़ चुके हैं। इनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं।

पेंशन दायरा बढ़ाने में मदद मिलेगी : *इस योजना से मझोले (टियर 2) और छोटे शहरों (टियर 3) के शहरों में पेंशन दायरा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। पीएफआरडीए प्रमुख ने उम्मीद जताई कि असंगठित क्षेत्र से अधिक लोग 'एनपीएस तत्काल' के माध्यम से पेंशन योजना से जुड़ेंगे। अब तक ग्राहक भीम या बैंक के यूपीआई ऐप के जरिए सीधे एनपीएस से नहीं जुड़ सकते थे और न ही नया एनपीएस खाता खोल सकते थे।*





केंद्र सरकार के कर्मियों के लिए एनपीएस अनिवार्य

एनपीएस के तहत व्यक्ति अपने कामकाजी वर्षों के दौरान अंशदान करते हैं और उनकी सेवानिवृत्ति बचत को बाजार से जुड़े निवेश माध्यमों में लगाया जाता है।

जनवरी 2004 से पुरानी पेंशन व्यवस्था की जगह एनपीएस

हालांकि, मौजूदा अंशधारक इसके जरिए बाद में अंशदान कर सकते थे। एनपीएस में औपचारिक रूप से शामिल होने के लिए अंशधारकों को पहले ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण कर 'स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या' (पीआरएएन) प्राप्त करनी होती थी। सरकार ने एक जनवरी, 2004 को पुरानी पेंशन व्यवस्था की जगह अंशदान आधारित एनपीएस की शुरुआत की थी।

यूपीआई के जरिए अंशदान भी किया जा सकता है

रमन ने एनपीएस दिवस के अवसर पर कहा, ''हम वास्तव में अगले दो वर्षों में करीब दो से तीन करोड़ अंशधारकों के जुड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। एनपीएस तत्काल हमें एनपीएस की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा।'' एनपीएस तत्काल' के तहत केवाईसी सत्यापित बैंक खाते का उपयोग कर यूपीआई ऐप के माध्यम से एनपीएस खाता खोला जा सकता है और यूपीआई के जरिए अंशदान भी किया जा सकता है।